परीक्षार्थी का अनुक्रमांक : | | | | | | | | |

परीक्षा का नाम:

प्रश्न-पत्र कोड : KHS/PVN/2025

## 2025

## विषय: हिंदी शिक्षण प्रवेश परीक्षा

**कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर :** ......................................

**उत्तर पुस्तिका क्रमांक :** 96

---

**परीक्षक के लिए**

**खंडवार प्राप्तांक :**

**कुल प्राप्तांक :**

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| अंकों में - | | | | |
| शब्दों में - | | | | |

| | |
|---|---|
| अंकों में - | |
| शब्दों में - | |

**(परीक्षक के हस्ताक्षर)**

SEA

---

समय: 3 घंटे

पूर्णांक : 100

**निर्देश— इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं। सभी खंडों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। खंड- क, ख, ग के हर प्रश्न के आगे चार संभावित विकल्प दिए गए हैं; जिसमें से एक सही है। सही विकल्प के सामने दिए गए कोष्ठक में सही (✓) का निशान लगाइए। खंड-घ के प्रश्न हिंदी भाषा दक्षता में अभिव्यक्ति से संबंधित हैं; जो निबंधात्मक प्रश्नों के रूप में हैं।**

### खंड-क (सामान्य ज्ञान) — 25×1=25

1. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कब होता है?

(क) 28 जनवरी ( ) (ख) 26 फरवरी ( )
(ग) 28 फरवरी ( ) (घ) 31 जनवरी ( )

2. जी.एस.टी. (GST) का फुल फॉर्म क्या है?

(क) गुड्स एंड सेल्स टैक्स ( ) (ख) गुड्स सप्लाई टैक्स ( )
(ग) गुड्स एंड सर्विस टैक्स ( ) (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

3. हिंदू नववर्ष कब शुरू होता है?

(क) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ( ) (ख) चैत्र पूर्णिमा से ( )
(ग) चैत्र अमावस्या से ( ) (घ) चैत्र पंचमी से ( )

4. आर्य समाज के संस्थापक कौन थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | स्वामी विवेकानन्द | ( ) | (ख) | दयानन्द सरस्वती | ( ) |
| (ग) | स्वामी रामकृष्ण परमहंस | ( ) | (घ) | विनोबा भावे | ( ) |

5. भारत में भूकंप का खतरा क्यों बढ़ा है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बढ़ती आबादी | ( ) | (ख) | अवैज्ञानिक निर्माण | ( ) |
| (ग) | बहुमंजिला इमारतें | ( ) | (घ) | हिमालयी टकराव जोन की नजदीकी | ( ) |

6. RAW (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) क्या है?

(क) रूस की खुफिया एजेंसी ( )
(ख) पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ( )
(ग) भारत की प्राथमिक विदेशी खुफिया एजेंसी ( )
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

7. नीरज चोपड़ा किस खेल के खिलाड़ी हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | वेट लिफ्टिंग | ( ) | (ख) | भाला फेंक | ( ) |
| (ग) | कुश्ती | ( ) | (घ) | निशानेबाजी | ( ) |

8. 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' या 'भारतीय कोकिला' किसे कहते हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | लता मंगेशकर | ( ) | (ख) | महाश्वेता देवी | ( ) |
| (ग) | इन्दिरा गांधी | ( ) | (घ) | सरोजिनी नायडू | ( ) |

9. 'काकोरी कांड' में किन लोगों को फाँसी दी गई थी?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | राम प्रसाद बिस्मिल | ( ) | (ख) | अशफ़ाक उल्ला खाँ | ( ) |
| (ग) | रोशन सिंह | ( ) | (घ) | उपर्युक्त तीनों को | ( ) |

10. इम्फाल किस राज्य की राजधानी है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सिक्किम | ( ) | (ख) | मणिपुर | ( ) |
| (ग) | अरुणाचल प्रदेश | ( ) | (घ) | मेघालय | ( ) |

11. 'धान का कटोरा' किस राज्य को कहते हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | छत्तीसगढ़ | ( ) | (ख) | मध्य प्रदेश | ( ) |
| (ग) | महाराष्ट्र | ( ) | (घ) | उड़ीसा | ( ) |

12. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का मुख्यालय कहाँ है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पेरिस | ( ) | (ख) | न्यूयॉर्क | ( ) |
| (ग) | जेनेवा | ( ) | (घ) | वाशिंगटन डी.सी. | ( ) |

13. 'योग' दर्शन के प्रतिपादक ऋषि कौन थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | गौतम | ( ) | (ख) | पतंजलि | ( ) |
| (ग) | कपिल | ( ) | (घ) | जैमिनी | ( ) |

14. फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने कराया था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अकबर | ( ) | (ख) | शाहजहाँ | ( ) |
| (ग) | बाबर | ( ) | (घ) | जहाँगीर | ( ) |

15. भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव किस युद्ध से पड़ी ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पानीपत का तीसरा युद्ध | ( ) | (ख) | बक्सर का युद्ध | ( ) |
| (ग) | प्लासी का युद्ध | ( ) | (घ) | इनमें से कोई नहीं | ( ) |

16. भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान 'हेमिस' कहाँ स्थित है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मध्य प्रदेश | ( ) | (ख) | लद्दाख | ( ) |
| (ग) | राजस्थान | ( ) | (घ) | उड़ीसा | ( ) |

17. सिक्ख धर्म के संस्थापक कौन थे ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | गुरु नानक | ( ) | (ख) | गुरु गोविन्द सिंह | ( ) |
| (ग) | गुरु अर्जुन देव | ( ) | (घ) | गुरु रामदास | ( ) |

18. 'आराम हराम है।' किसका नारा था ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सरदार ऊधम सिंह | ( ) | (ख) | भगत सिंह | ( ) |
| (ग) | महात्मा गांधी | ( ) | (घ) | जवाहर लाल नेहरू | ( ) |

19. 'वन्देमातरम्' गीत के रचयिता कौन हैं ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बंकिम चन्द्र चैटर्जी | ( ) | (ख) | रविन्द्रनाथ टैगोर | ( ) |
| (ग) | शरतचंद्र चट्टोपाध्याय | ( ) | (घ) | सुब्रह्मनयम भारती | ( ) |

20. पैंक्रियाज से निकलने वाला हारमोन क्या करता है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | भोजन को पचाता है | ( ) | (ख) | ग्लूकोज को नियंत्रित करता है | ( ) |
| (ग) | प्रोटीन की मात्रा बढ़ाता है | ( ) | (घ) | इनमें से कोई नहीं | ( ) |

21. 'कुचीपुड़ी' किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | उड़ीसा | ( ) | (ख) | आंध्र प्रदेश | ( ) |
| (ग) | केरल | ( ) | (घ) | कर्नाटक | ( ) |

22. 'महाभारत' की रचना किसने की ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | महर्षि वेदव्यास | ( ) | (ख) | वाल्मीकि | ( ) |
| (ग) | कालिदास | ( ) | (घ) | बाण भट्ट | ( ) |

23. भारत में सबसे ऊँची मूर्ति किसकी है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | महात्मा गांधी | ( ) | (ख) | सरदार वल्लभ भाई पटेल | ( ) |
| (ग) | इन्दिरा गांधी | ( ) | (घ) | बाबा साहेब अम्बेडकर | ( ) |

24. भारत का स्वदेशी 'फाइटर प्लेन' कौन-सा है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | जगुआर | ( ) | (ख) | सुखोई-30 | ( ) |
| (ग) | तेजस | ( ) | (घ) | पिलाटस | ( ) |

25. भारत की सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | ब्रह्मपुत्र | ( ) | (ख) | यमुना | ( ) |
| (ग) | गंगा | ( ) | (घ) | महानदी | ( ) |

## खंड-ख (शिक्षण अभिरुचि) 25×1=25

1. जन सामान्य के लिए शिक्षा का अर्थ है?

(क) विद्यालय में पढ़ाई ( ) (ख) निरक्षरता उन्मूलन ( )

(ग) पुस्तकीय ज्ञान ( ) (घ) अनुभवजन्य ज्ञान में वृद्धि ( )

2. आधुनिक विद्यालयी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य हो सकता है—

(क) छात्रों को जीवन के लिए तैयार करना ( )

(ख) डिग्रियों का संकलन करना ( )

(ग) बालक में सही आदतों का निर्माण करना ( )

(घ) महापुरुषों का अनुगमन करना ( )

3. उत्तम शिक्षक का प्रमुख कर्तव्य है कि वह बालकों में—

(क) आज्ञा पालन की प्रवृत्ति का विकास करे ( )

(ख) शैक्षिक क्षमताओं की वृद्धि करे ( )

(ग) कक्षा में सख्त अनुशासन बनाकर रखे ( )

(घ) कोई भी व्यवहार आरोपित न करे ( )

4. उत्तम शिक्षा संस्थाओं की स्थापना की जानी चाहिए—

(क) घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ( ) (ख) नगर के बाहर ( )

(ग) प्राकृतिक वातावरण में ( ) (घ) पास के गाँवों में ( )

5. शिक्षक के लिए अनिवार्य कर्तव्य है कि वह—

(क) कक्षा की उत्कृष्टता बनाए रखे ( ) (ख) छात्र विशेष की प्रतिभा पर ध्यान दे ( )

(ग) विषयवस्तु पर ध्यान दे ( ) (घ) उपर्युक्त सभी का ध्यान रखे ( )

6. उत्तम पाठ्यक्रम द्योतक है—

(क) उत्तम विद्यालय का ( ) (ख) उत्तम मूल्यांकन पद्धति का ( )

(ग) उत्तम पाठ्यक्रम बनाने वालों का ( ) (घ) उपर्युक्त सभी का ( )

7. स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन करना चाहिए, जिससे छात्र—

(क) अनुशासनबद्ध कार्य करें ( )

(ख) अवकाश का सदुपयोग करें ( )

(ग) परस्पर छात्रों में सहयोग की भावना विकसित हो ( )

(घ) मनोरंजन के साथ पढ़ें और लिखें ( )

8. पूरे सत्र का कैलेंडर इसलिए तैयार किया जाता है, जिससे—

(क) सभी शिक्षक काम में लगे रहें ( )

(ख) शिक्षक राजनीति न कर सकें ( )

(ग) विद्यालय में छात्र संबंधी कार्यों का उत्तम नियोजन किया जा सके ( )

(घ) छात्रों को जरा भी अवकाश न मिले ( )



कृ.पृ.प.

9. शिक्षकों के प्रशिक्षण में निम्नलिखित तत्त्वों को सम्मिलित किया जाता है–

(क) संज्ञानात्मक, गत्यात्मक एवं भावात्मक पक्षों की शिक्षा देना ( )
(ख) सृजनात्मक कार्यों एवं नवाचारों के लिए अभिवृत्ति ( )
(ग) विकेंद्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था ( )
(घ) उपर्युक्त सभी ( )

10. शिक्षक के दो प्राथमिक गुण हैं–

(क) उच्च संप्रेषण एवं विषयज्ञान ( )
(ख) सुंदर एवं प्रेरणास्पद व्यक्तित्व ( )
(ग) सामाजिक कुशलताएँ एवं धैर्यवान ( )
(घ) उच्च व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं सहानुभूति ( )

11. शिक्षण व्यवसाय को प्राय: माना जाता है–

(क) उच्च बौद्धिक व्यवसाय ( ) (ख) प्रबंधन व्यवसाय ( )
(ग) शिथिल व्यवसाय ( ) (घ) दक्षता रहित व्यवसाय ( )

12. शिक्षक पद पर नियुक्ति होने पर आपका पहला कर्त्तव्य होगा–

(क) विद्यालय में प्रचलित अनुपयुक्त मान्यताओं को स्वीकार कर लेना ( )
(ख) साथी शिक्षकों का परस्पर मत वैभिन्य होने पर भी शैक्षिक विकास के लिए सहयोग करना ( )
(ग) अपना हित सोचना चाहें विद्यालय का नुकसान हो ( )
(घ) बुजुर्ग शिक्षकों की हाँ में हाँ मिलाकर चाहें आप उनसे प्रभावित न हों ( )

13. आदर्श शिक्षक होता है–

(क) शिक्षा के उद्देश्यों के प्रति सजग ( ) (ख) बाल मनोविज्ञान का ज्ञाता ( )
(ग) प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी ( ) (घ) उपर्युक्त सभी ( )

14. सबसे पहले मध्याह्न भोजन की व्यवस्था शुरू की गई थी–

(क) केरल में ( ) (ख) तमिलनाडु में ( )
(ग) कर्नाटक में ( ) (घ) आंध्र प्रदेश में ( )

15. पाठ योजना निर्माण में निम्नलिखित बिंदु पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए–

(क) व्यक्तिगत क्षमता पर ( )
(ख) केवल प्रतिभाशाली छात्रों के कौशलों पर ( )
(ग) कक्षा की रुचि पर ( )
(घ) अपनी इच्छा पर ( )

16. नवोदय विद्यालयों का प्रशासन किया जाता है–

(क) नवोदय विद्यालय समिति द्वारा ( )
(ख) राज्य सरकार द्वारा ( )
(ग) केंद्र सरकार द्वारा ( )
(घ) नवोदय विद्यालय की प्रबन्ध समिति द्वारा ( )

17. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बालकों की प्रारंभिक शिक्षा किस माध्यम से होनी चाहिए?

(क) अंग्रेजी ( ) (ख) क्षेत्रीय भाषा ( )
(ग) हिंदी ( ) (घ) संस्कृत ( )

18. पुस्तकालय को संज्ञा प्रदान की जाती है—

(क) ज्ञान की कुँजी ( ) (ख) पुस्तकों का घर ( )
(ग) पुस्तकों का संग्रहालय ( ) (घ) संदर्भ सहायक म्यूजियम ( )

19. शिक्षक को प्रत्येक पाठ को जोड़ना चाहिए—

(क) छात्रों के पूर्व ज्ञान और अनुभवों से ( ) (ख) अपनी रुचियों से ( )
(ग) समय की माँग से ( ) (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

20. अध्यापक छात्र के गृहकार्य की प्रशंसा करता है, तो यह प्रेरक होगा—

(क) नकारात्मक ( ) (ख) सकारात्मक ( )
(ग) शक्तिदायक ( ) (घ) केवल पुनर्बलक ( )

21. विद्यालय में 'सहशिक्षा' प्रदान करना है—

(क) शिक्षकों के लिए सिरदर्द ( )
(ख) बालक-बालिकाओं के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक ( )
(ग) अनुशासन की समस्या ( )
(घ) सभी तर्क बेकार हैं ( )

22. विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का लक्ष्य है—

(क) खेलने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना ( ) (ख) स्वास्थ्य का निर्माण करना ( )
(ग) समूह मनोबल में वृद्धि करना ( ) (घ) उपर्युक्त सभी ( )

23. शिक्षक को अपने छात्रों द्वारा उत्तम कार्य करने पर—

(क) प्रशंसा करनी चाहिए ( ) (ख) शान्त रहना चाहिए ( )
(ग) प्रसन्नता प्रकट करना काफी है ( ) (घ) कुछ भी नहीं करना चाहिए ( )

24. पद्य शिक्षण के समय ध्यान रखते हैं—

(क) कविता की व्याख्या पर ( ) (ख) छात्रों द्वारा मौन वाचन पर ( )
(ग) कविता के सस्वर वाचन पर ( ) (घ) केवल प्रश्नोत्तर पर ( )

25. द्वितीय भाषा शिक्षक को इस शिक्षण विधि का प्रयोग करना चाहिए—

(क) प्रत्यक्ष विधि ( )
(ख) व्याकरण अनुवाद विधि ( )
(ग) व्याख्यान विधि ( )
(घ) पाठ बिंदु के अनुरूप समेकित विधि ( )

## खंड-ग (हिंदी साहित्य एवं भाषा अभिरुचि) 25×1=25

1. हिंदी भाषा की उत्पत्ति हुई है—

(क) अपभ्रंश भाषाओं से ( ) (ख) फारसी से ( )
(ग) दरद भाषाओं से ( ) (घ) इनमें से किसी से नहीं ( )

2. हिंदी के पहले कई नाम थे जिनमें से मुख्य है—

(क) हिंदुस्तानी ( ) (ख) हिंदवी ( )
(ग) दक्खिनी ( ) (घ) उपर्युक्त सभी ( )

3. हिंदी साहित्य का जनक किसे कहा जाता है—

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी ( ) (ख) भारतेन्दु हरिचन्द्र ( )
(ग) रामचन्द्र शुक्ल ( ) (घ) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' ( )

4. हिंदी भाषा का इतिहास लगभग कितना पुराना है—

(क) पाँच हजार वर्ष पुराना ( ) (ख) दो हजार वर्ष पुराना ( )
(ग) एक हजार वर्ष पुराना ( ) (घ) पाँच सौ वर्ष पुराना ( )

5. भारतीय आर्य भाषाओं का क्रम इस प्रकार है—

(क) संस्कृत → पाली → प्राकृत → अपभ्रंश → हिंदी ( )
(ख) अवेस्ता → पाली → प्राकृत → हिंदी ( )
(ग) पाली → प्राकृत → अपभ्रंश → हिंदी ( )
(घ) काकोसी → सामी → अवहट्ट → हिंदी ( )

6. हिंदी को राजभाषा कब घोषित किया गया—

(क) 10 दिसंबर, 1949 ( ) (ख) 26 जनवरी, 1951 ( )
(ग) 14 सितंबर, 1949 ( ) (घ) 15 अगस्त, 1951 ( )

7. देवनागरी लिपि का विकास हुआ—

(क) खरोष्ठी लिपि से ( ) (ख) नस्तालिक से ( )
(ग) फारसी लिपि से ( ) (घ) ब्राह्मी लिपि से ( )

8. 'ऑ' वर्ण हिंदी वर्णमाला में शामिल किया गया—

(क) उर्दू के शब्दों को लिखने के लिए ( ) (ख) तुर्की शब्दों को लिखने के लिए ( )
(ग) अंग्रेजी भाषा से आए शब्दों के लिए ( ) (घ) पुर्तगाली शब्दों को लिखने के लिए ( )

9. हिंदी के तालव्य व्यंजन हैं—

(क) च, छ, ज, झ, ञ ( ) (ख) च, छ, ज, झ, ञ, य, श ( )
(ग) श, र, य, ल ( ) (घ) च, ज, ञ, श, र ( )

10. हिंदी के ये व्यंजन अर्ध स्वर कहे जाते हैं—

(क) य और स ( ) (ख) र और व ( )
(ग) य और व ( ) (घ) ग और य ( )

11. कौन-सी वर्तनी सही है—

(क) आशीरवाद ( ) (ख) आशिर्वाद ( )
(ग) आर्शीवाद ( ) (घ) आशीर्वाद ( )

12. 'गिरीश' शब्द में कौन-सी संधि है—

(क) गुण संधि ( ) (ख) दीर्घ संधि ( )
(ग) अयादि संधि ( ) (घ) विसर्ग संधि ( )

13. कौन-सा शब्द पुल्लिंग है—

(क) नदी ( ) (ख) शहर ( )
(ग) वर्षा ( ) (घ) नहर ( )

14. 'गंगा' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?

(क) जाति वाचक ( ) (ख) व्यक्ति वाचक ( )
(ग) भाव वाचक ( ) (घ) द्रव्य वाचक ( )

15. ये पुरुष वाचक सर्वनाम हैं—

(क) यह, वह ( ) (ख) कोई, कुछ ( )
(ग) मैं, तू, आप ( ) (घ) कौन क्या ( )

16. 'आग' का पर्यायवाची शब्द है—

(क) अनिल ( ) (ख) अमय ( )
(ग) अनल ( ) (घ) जरा ( )

17. 'जो बिना बुलाए आया हो' के लिए एक शब्द है—

(क) अतिथि ( ) (ख) मेहमान ( )
(ग) वांछित ( ) (घ) अनाहूत ( )

18. निम्नलिखित में से एक का अर्थ है 'दोस्त'—

(क) प्रिय ( ) (ख) प्यारा ( )
(ग) राजा ( ) (घ) साथी ( )

19. 'पीठ दिखाना' मुहावरे का अर्थ है—

(क) हार मानना ( ) (ख) जान दे देना ( )
(ग) शामिल न होना ( ) (घ) हाथ मिलाना ( )

20. 'गोदान' के लेखक कौन हैं?

(क) जय शंकर प्रसाद ( ) (ख) प्रेमचन्द ( )
(ग) भारतेन्दु हरिश्चंद्र ( ) (घ) गुलाब राय ( )

21. 'चारू चंद्र की चंचल किरणें' में कौन-सा अलंकार है—

(क) यमक ( ) (ख) उपमा ( )
(ग) अनुप्रास ( ) (घ) रूपक ( )

22. 'त्रिभुवन' शब्द में कौन समास है?

(क) तत्पुरुष समास ( ) (ख) द्विगु समास ( )
(ग) द्वंद्व समास ( ) (घ) कर्मधारय समास ( )

23. 'भारतीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(क) ईय ( ) (ख) इय ( )
(ग) य ( ) (घ) तीय ( )

24. 'रामायण' किसने लिखी है?

(क) तुलसीदास ( ) (ख) कालिदास ( )
(ग) सूरदास ( ) (घ) वाल्मीकि ( )

25. आदिकाल को क्या कहते हैं—

(क) रीति काल ( ) (ख) वीरगाथा काल ( )
(ग) श्रृंगार काल ( ) (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, इसी गद्यांश से लिखिए–

**अपठित गद्यांश**– "आज का युवा वर्ग जहाँ एक ओर बाज़ारीकरण एवं व्यावसायिकता के इस युग में मूल्यों से दूर हो अंधी दौड़ में शामिल हो गया है। ऐसे में वह पश्चिमी सभ्यता द्वारा फैलाए मोह जाल में उलझता जा रहा है। उसकी दृष्टि भारतीय संस्कृति से कटती जा रही है। ऐसे में उसे आदर्श मार्ग दिखाने और उसके मनोरंजन के साथ आत्मिक परिष्कार सामाजिकता, मानवीयता, धर्म के प्रति निष्ठा एवं मानवीय रिश्तों के प्रति सम्मान जागृत करने हेतु पुस्तकें पढ़ने की ओर प्रेरित करना चाहिए। सोशल मीडिया और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग ने पढ़ने के प्रति युवाओं को घोर उदासीन बना दिया है।

**प्र. क.** आज का युवा किस अंधी दौड़ में शामिल हो गया है? 2

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**प्र. ख.** वह भारतीय संस्कृति से क्यों दूर हो रहा है? 2

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**प्र. ग.** लेखक किस आदर्श मार्ग की बात कर रहा है? 2

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**प्र. घ.** पढ़ने से किन गुणों का विकास होता है? **2**

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

**प्र. ङ.** इस गद्यांश से लेखक किनको संदेश देना चाहता है? **2**

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

**2.** निम्नलिखित का 'संक्षेपण' प्रस्तुत कीजिए— 2½

'यह प्रेम ही सब कुछ है, वेद नहीं, शास्त्र नहीं, कुरान नहीं, जप नहीं, माला नहीं, तस्बीह नहीं, मंदिर नहीं, मस्जिद नहीं, अवतार नहीं, नबी नहीं, पीर नहीं, पैगंबर नहीं। यह प्रेम समस्त बाह्याचारों की पहुँच से बहुत ऊपर है। समस्त संस्कारों के प्रतिपाद्य से कहीं श्रेष्ठ है। जो कुछ भी इसके रास्ते में खड़ा होता है, वह हेय है।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

3. निम्नलिखित का 'भाव पल्लवन' कीजिए— 2½

'डूबते को तिनके का सहारा'

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए— 10

(क) पर्यावरण प्रदूषण

(ख) मेरा प्रिय लेखक

(ग) बढ़ते साइबर अपराध

(घ) अहिंसा परमोधर्म

(ङ) युवाओं में बढ़ती निराशा: कारण और निदान

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

SEAL